गुरुवार

05 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक





बड़ा खुलासाः भोजपुर में फाइनेंस कर्मियों से लूटे गये सामान के साथ चार गिरफ्तार 2


## बोधगया में अध्ययन सेंटर का शिलान्यास



बोधगया में भारत और तिब्बत के लोग अब एक दूसरे देश के महत्वपूर्ण विचारों का विशेष अध्ययन कर सकते हैं। केंद्र सरकार करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से बोधगया में भारत तिब्बत विचार अध्ययन केंद्र का निर्माण कराने जा रही है। मंगलवार को तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने इसका शिलान्यास किया है। भारत में तिब्बती संस्कृति और दया करने के भाव को समाहित करते हुए भारतीय प्राचीन सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर एक साथ अध्ययन हो सकेगा। इसका निर्माण चार वर्षो में पूरा किया जाना है। इस इंस्टीट्यूट के निर्माण के लिए 17 जनवरी 2020 को दलाई लामा ने बिहार सीएम नीतीश कुमार से बात की थी। इसके बाद 25 अगस्त 2022 को कैबिनेट की स्वीकृति के बाद बिहार सरकार ने संस्थान को 99 वर्षों के लिए जमीन उपलब्ध कराया है।

## अजीत शर्मा को एक साल की जेल

**पटना।** कांग्रेस के भागलपुर विधायक सह बिहार विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा समेत सात अभियुक्तों को भागलपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने बुधवार को सजा सुनाई है। उन पर आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला इशाकचक थाना क्षेत्र में तीन नवंबर 2020 को दर्ज हुआ था। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कुछ लोगों के साथ चुनाव कार्य को बाधित किया था। आरोप सही पाए जाने पर कोर्ट ने सजा सुनाते हुए एक साल की जेल और आर्थिक जुमार्ना लगाया है। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह की अदालत ने चार जनवरी को कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा समेत सात लोगों को निर्वाचन कार्य में बाधा डालने और सेक्टर पदाधिकारी तथा पुलिस टीम के समर्थकों के साथ घेराबंदी करने और पदाधिकारियों से बहस करने चुनाव कार्य में बाधा डालने के मामले में दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई है। कोर्ट ने भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 353 के तहत अजीत शर्मा समेत सात अभियुक्तों को एक साल की साधारण कारावास और एक हजार रुपये के जुमार्ना के साथ सजा सुनाई है।

### राज्यस्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक, नीतीश ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# स्पीडी ट्रायल के लिए करें प्रयास, ताकि लोगों को ससमय न्याय मिल सके: सीएम

- विशेष अभियान चलाकर लंबित काण्डों का अनुसंधान कराकर निर्धारित 60 दिन के अन्दर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कराएं
- अधिनियम के तहत दर्ज कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु गठित अनन्य विशेष न्यायालयों में दर्ज मामलों की तेजी से हो सुनवाई

**केटी न्यूज/पटना**



विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1995 के तहत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुयी। बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री दिवेश सेहरा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विगत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, अपर पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग), निदेशक अभियोजन, सचिव, विधि विभाग ने भी इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक शामिल होने के लिए आप सभी को मैं धन्यवाद देता हूँ। सभी लोगों ने अपनी बातें रखीं हैं, जिसका एक पक्ष अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही के संबंध में है तो दूसरा पक्ष अनुसूचित जाति / जनजाति के हित में काम किये जा रहे कार्यों को और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने को लेकर है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत अधिसूचित कार्यों की समीक्षा करें तथा विशेष अभियान चलाकर लंबित काण्डों का तेजी से अनुसंधान कराकर निर्धारित 60 दिन के अन्दर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कराएं। स्पीडी ट्रायल के लिए विशेष प्रयास करें ताकि समाज के कमजोर वर्ग के सभी व्यक्तियों को ससमय न्याय मिल सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जिलों में दर्ज मामलों की समीक्षा करें एवं पीड़ित व्यक्तियों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम के तहत दर्ज कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु गठित अनन्य विशेष न्यायालयों में दर्ज मामलों की तेजी से सुनवाई हो। योग्य विशेष लोक अभियोजकों को दायित्व सौंपे ताकि वे न्यायालय में बेहतर ढंग से पक्ष रख सकें। गृह विभाग एवं विधि विभाग कनविक्शन रेट में सुधार एवं लंबित मामलों में कमी लाने के लिए नियमित अनुश्रवण करें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में कनविक्शन रेट और स्पीडी ट्रायल को लेकर लगातार समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमें काम करने का मौका मिला है अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए काफी काम किया गया है। अनुसूचित जाति में से महादलित वर्ग के लिए विशेष काम किया गया। अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को कई प्रकार की सुविधायें दी गई। जब सरकार में आये तो सर्वे में यह पता चला कि 12.5 प्रतिशत बच्चे-बच्चियां जो स्कूल नहीं जा पाते हैं, उनमें ज्यादातर महादलित एवं अल्पसंख्यक वर्गों से आते हैं। सभी बच्चे-बच्चियों को स्कूल पहुंचाया गया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। हमलोग चाहते हैं कि सभी वर्गों का विकास हो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग की लड़कियों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना है। लड़कियां पढ़ेंगी तो राज्य का प्रजनन दर भी घटेगा । आज की बैठक में शामिल सदस्यों ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के कार्यों और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जो सुझाव दिये, विभाग उस पर भी तेजी से काम करे। आप सभी को नववर्ष की शुभकामनायें देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यात्रा पर जा रहे हैं जिसमें सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों की लोगों से जानकारी लेंगे। उनकी बातों को सुनेंगे, जानेंगे और वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे।

## जीतन राम मांझी के शराबबंदी वाले बयान पर भड़के तेज प्रताप



**पटना।** बिहार के छपरा में बीते साल जहरीली शराब से कई लोगों की मौत हुई थी। इसको लेकर अभी मुआवजे की मांग जारी है। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन में शामिल जीतन राम मांझी ने मांग की है कि गुजरात मॉडल पर बिहार में शराबबंदी लागू हो। इन सबको लेकर बिहार में राजनीति जारी है। वहीं आरजेडी विधायक तेज प्रताप यादव ने चेतावनी दी है कि वह जरूरत पड़ी तो आंदोलन पर उतर जाएंगे। तेज प्रताप यादव ने बुधवार को मीडिया में बयान दिया है।

बुधवार को मीडिया के सवाल पर कि जीतन राम मांझी कह रहे हैं कि गुजरात मॉडल पर बिहार में शराबबंदी लागू होनी चाहिए। इस पर तेज प्रताप यादव ने कहा कि शराबबंदी पूरी तरीके से लागू रहेगी। कोई शराब पीकर मरेगा तो उसको कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। इसके लिए हम आंदोलन भी करेंगे। तेज प्रताप यादव ने यह भी कहा कि उन्हें जो भी शराब पीते दिखा या मिल गया उसको वह खुद जेल भेज देंगे। वह अपनी गाड़ी में बैठा कर जेल भेजेंगे। वहीं तेज प्रताप यादव ने सीएम नीतीश कुमार की यात्रा पर कहा कि वह निकलेंगे तभी सब कुछ देख पाएंगे। जो भी योजनाएं हैं कितनी जमीन पर उतरी है यह जान पाएंगे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी लगातार शराबबंदी को लेकर बयान देते रहते हैं। कई बार उन्होंने कहा है कि इस पर समीक्षा होनी चाहिए।

## पूर्व कृषि मंत्री के बयान पर सर्वजीत बोले मुख्यमंत्री व कृषि विभाग कर रहा है काम

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत आरजेडी नेता सुधाकर सिंह पर आज जमकर बरसे, उन्होंने कहा कि पूर्व कृषि मंत्री यह कह रहे हैं, पूर्व कृषि मंत्री वह कह रहे है, मीडिया के लोग बराबर उनकी बातों को लगातार उठा रहा है। क्या है मंडी कानून? वो जो कहेंगे वही होगा क्या? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार काम कर रहे। कृषि विभाग भी काम कर रहा है। क्या वह प्रधानमंत्री है वह जो बोलेंगे वही होगा। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि 2700 करोड़ रुपए की लागत से बाजार समिति का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके आगे भी अगर जरूरत पड़ेगी तो और भी पैसा लगाया जाएगा। कोई गोदाम बनाने के लिए तो इतना पैसा नहीं लगाया जा रहा है। इससे संबंधित कुछ कानून भी आगे जरूर आएगा। अभी लगातार सरकार की तरफ से काम किया जा रहा है। इस चीज को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव खुद चिंतित है आगे इसको लेकर कुछ ना कुछ जरूर किया जाएगा।

गंगा नदी के किनारे जो हमारे किसान भाइयों का जमीन है उसको लेकर भी हम काम कर रहे हैं वहां पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। पहले से भी इसको लेकर योजना चल रही थी। लेकिन उस में कुछ बदलाव किया गया है अभी हम ने कुल 13 जिलों को जैविक खेती के लिए जोड़ा है आगे और जिलों को जोड़ने का काम चल रहा है। बता दें कि इन दिनों पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर है। सुधाकर सिंह कुछ दिन पहले प्राइवेट किससे बिल लाने की भी बात कर रहे थे इसको लेकर भी उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा था।

## कोलकाता से 32 स्विट्जरलैंड यात्रियों को लेकर पटना पहुंचा गंगा विलास क्रूज

**केटी न्यूज/पटना**



दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज यात्रा तय करने वाली 'गंगा विलास क्रूज' पटना पहुंच गया है। यह क्रूज पटना के गायघाट पर लंगर डाले हुए है। यह क्रूज 22 दिसंबर को कोलकाता से निकला और 3 जनवरी को पटना पहुंचा। इसमें 32 स्विट्जरलैंड के यात्री हैं। सभी पटना के पर्यटन स्थलों को घूम लिया है। यहां से 5 दिन तक गंगा में यात्रा करके यह क्रूज बनारस पहुंचेगा।

गंगा विलास भारत में निर्मित पहला आधुनिक क्रूज है। इसकी लंबाई 62.5 मीटर और चौड़ाई 12.8 मीटर है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त और पूरी तरह सुरक्षित है। पांच सितारा होटल से भी अधिक सुविधाओं से सुसज्जित इस क्रूज में 18 सुइट्स होंगे। सुइट्स में बाथरूम, शावर, कनवर्टिबल बेड, फ्रेंच बॉलकनी, एलईडी टीवी, सेफ समेत आधुनिक जीवन रक्षक प्रणाली भी होगी। इसमें 40 सीटर रेस्टोरेंट है, सन डेक, जिम और स्पा भी है। यहां बफे में कॉन्टीनेंटल और इंडियन डिशेज सर्व की जाएंगी। इसमें 80 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। यात्रा के दौरान यात्री परेशान न हो, इसलिए क्रूज पर गीत संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुविधाएं दी गई हैं। क्रूज पर एक डॉक्टर भी है। इस क्रूज को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर चलाया जाएगा। यह क्रूज पूरी तरह से इंडियन टेक्नोलॉजी से बना है।






### बिहार में शुरू हुई मुख्समंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा में शाहाबाद के जिले गायब

# समाधान यात्रा के पहले चरण में 17 जिलों में यात्रा करेंगे सीएम

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार यात्रा पर निकल रहे हैं। उनकी यह समाधान यात्रा 5 जनवरी से पश्चिमी चंपारण बेतिया से शुरू होगी। 29 जनवरी को इस पहले चरण का यात्रा लखीसराय में समाप्त होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकारी कामकाज का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुताबिक मौके पर पहुंचकर सरकार के विकास का जायजा लेंगे। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विभागीय बैठक करेंगे। हालांकि, पूर्व की भांति इस बार भी मुख्यमंत्री ने शाहाबाद को उपेक्षित कर दिया। सीएम की सममाधान दौरे के रूट चार्ट में शाहाबाद के किसी भी जिले को शामिल नहीं किया गया है।

दूसरी ओर, मामले में एक बार फिर जुबानी जंग की दौर शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने इस समाधान यात्रा को व्यवधान यात्रा बताया है। तो नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि, नीतीश कुमार हमेशा पिकनिक मनाने के लिए यात्रा पर निकलते हैं।

**पहले चरण में आया शेड्यूल :**

पहले चरण की यात्रा में नीतीश कुमार 17 जिलों में यात्रा करेंगे। हालांकि नीतीश कुमार आज ही यात्रा पर निकल जाएंगे लेकिन, विधिवत उनकी यात्रा 5 जनवरी से शुरू होगी और पहले चरण में आए शेड्यूल के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 जनवरी तक में दो बड़े गैप लेंगे। 13 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक मुख्यमंत्री पटना में रहेंगे। वहीं, 23 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक मुख्यमंत्री पटना में रहेंगे। बाकी दिन वह समाधान के दौरान जिलों के भ्रमण में रहेंगे। अभी तक मंत्रिमंडल सचिवालय से मुख्यमंत्री का 29 जनवरी के बाद का कार्यक्रम नहीं आया है। माना जा रहा है कि वह यात्रा का दूसरा चरण होगा। यात्रा के दौरान शराबबंदी, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसे सामाजिक कुरीतियों पर भी जागरूकता अभियान चलाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह 14वीं बिहार यात्रा है।

## खबरें फटाफट

### शराब के अवैध धंधेबाजों ने महिलाओं से की मारपीट

जहानाबाद। बिहार में पूर्ण शराबबंदी है इसके बावजूद शराब के धंधेबाज अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। ताजा मामला जहानाबाद का है जहां अवैध शराब बनाने से मना करने पर धंधेबाजों ने महिलाओं के साथ मारपीट की। इस दौरान एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गये है। शराबबंदी के 6 साल बाद भी ना तो शराब पीने वाले बाज आ रहे हैं और ना ही शराब बेचने वाले। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम हर दिन कार्रवाई करती है इसके बावजूद शराब पीने और इसे बेचने का सिलसिला लगातार जारी है। विरोध करने पर शराब के धंधेबाज द्वारा मारपीट की जाती है। मामला जहानाबाद के भरथूआ गांव का है। जहां शराब के कारोबारी का विरोध करना एक परिवार को महंगा पड़ गया। पूरा मामला काको थाना क्षेत्र के भरथूआ गांव का है। जहां सुबह दबंगो ने मारपीट कर एक ही परिवार के पांच लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कोचिंग के छात्र को गोली मारने में प्राथमिकी

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के कनकपुरी मोहल्ले में कोचिंग गये छात्र को गोली मारने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जख्मी छात्र सूरज शर्मा के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस किया गया है। कहा गया है कि मंगलवार की सुबह नौ बजे वह कोचिंग करने कनकपुरी मोहल्ले में गया था। छुट्टी के बाद बाहर निकला, तो देखा कि कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। उसी बीच एक युवक द्वारा गोली चला दी गयी, जो उसके प्राइवेट पार्ट में लग गयी। उसके बाद युवक काले रंग की यामहा बाइक से भाग निकले। इधर, पुलिस लड़की के विवाद सहित अन्य एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए गोली मारने वालों की पहचान और धरपकड़ की जा रही है।

# मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना: प्रत्येक सेविका 3-3 लाभुकों का करेंगी रजिस्ट्रेशन

- घर बैठे ई-कल्याण पोर्टल के जरिए कर सकते हैं आवेदन
- 10 जनवरी तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन होगी समीक्षा
- 12 साल तक की कन्या शिशुओं को दिए जाते हैं 3000 रुपए

केटी न्यूज/बक्सर

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का क्रियान्वयन अब समाज कल्याण विभाग के अधीन आईसीडीएस द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत 0 से 2 साल तक के प्रथम क्रम के दो कन्या संतानों को 3000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 यानी अप्रैल 2022 से 4 जनवरी 2023 तक जिले में दो हजार 746 लाभुकों को योजना के तहत प्रोत्साहन राशि मिली है। जिनमें 134 लाभुकों को योजना के तहत दूसरी किस्त की राशि मिली है। इस क्रम में बुधवार को आईसीडीएस की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तरणि कुमारी ने सभी परियोजनाओं की सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं के साथ वर्चुअल बैठक की। जिसमें 10 जनवरी तक लक्ष्य हासिल करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस क्रम में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका को कम से कम तीन लाभुकों का रजिस्ट्रेशन कराना है। जिसकी प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।




**कन्या शिशु के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है उद्देश्य:** आईसीडीएस की डीपीओ तरणि कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उद्देश्य कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। योजना की सहायता से लिंग अनुपात में वृद्धि लाना एवं बालिका शिशु मृत्यु दर कम करने की भी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पर अंकुश लगाने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में भी योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। योजना का बृहद उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में लाना है, ताकि महिला सशक्तिकरण की राह को आसान बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में 1944 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के

### प्रथम दो कन्या शिशुओं को योजना का लाभ

कन्या उत्थान योजना के जिला नोडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ परिवार की केवल दो प्रथम क्रम की कन्या संतानों को ही दिया जाता है। इसके लिए लाभुक को बक्सर जिले का निवासी होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत दो किश्तों में 3000 रुपये लाभुक को देने का प्रावधान है। पहले किश्त के रूप में 2000 रुपए माता-पिता या अभिभावक के बैंक खाते में भेजे जाते हैं जब कन्या का पंजीकरण शून्य से एक साल तक किया जाता है। वहीं, दूसरी किश्त के रूप में 1000 रुपए तब दिए जाते हैं, जब एक से दो वर्ष की कन्या शिशु का आधार पंजीकरण एवं जन्म निबंधन का कार्य पूरा हो जाता है।

तहत 5832 लाभुकों को लाभ देने का लक्ष्य प्राप्त है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को निदेशित किया गया है।

**घर बैठे ई-कल्याण पोर्टल के जरिए लाभार्थी कर सकते हैं आवेदन:** योग्य लाभुक के माता-पिता अब ई-कल्याण पोर्टल (ekalyan.bih.nic.in) की सहायता से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महिला पर्यवेक्षिका द्वारा आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर पोर्टल पर अप्रूव किया जाएगा। सीडीपीओ इस हेतु स्वीकृति पदाधिकारी होंगे। महिला पर्यवेक्षिका द्वारा स्वीकृत आवेदनों को बाल परियोजना द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर अनुमोदन किया जाएगा।

## तकनीकी और लोकल इनपुट के आधार पर विभिन्न गांवों से पकड़े गये लुटेरे

# बड़ा खुलासा: भोजपुर में फाइनेंस कर्मियों से लूटे गये सामान के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

- छीना गया टैब, मोबाइल, दो हजार रुपए, बाइक और दस गोली जब्त
- गिरफ्तार अपराधियों से लूट की कुछ अन्य घटनाओं का खुलासा होने की उम्मीद

केटी न्यूज/आरा

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र में एक साथ दो फाइनेंस कर्मियों से लूट का खुलासा हो गया। इस मामले में चार लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। छीना गया सामान, लूट में इस्तेमाल बाइक और दस गोलियां भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के मालिकपुर गांव निवासी पवन कुमार, चांदी गांव निवासी रंजन कुमार यादव उर्फ बउआ, इंद्रजीत कुमार उर्फ बुधन पासवान और बैदेकोरी गांव निवासी अजय पासवान शामिल हैं। इनमें अजय बाइक मैकेनिक बताया जा रहा है। इनके पास से लूटा गया वन प्लस का एक मोबाइल, लेनेवो कंपनी का एक टैब, छीना गये रुपए में से दो हजार नगद, बैग, लूट में इस्तेमाल बाइक और तीन अन्य एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद किया गया है। चारों अपराधियों ने लूट में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।



गिरफ्तार अपराधियों के साथ लूट का खुलासा करते एसपी व अन्य

उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को हुई लूट की घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के आधार पर घटना में चारों अपराधियों की पहचान की गयी। उसके बाद चारों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने लूटकांड का खुलासा और गिरफ्तारी को अहम सफलता बताते हुए टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है। टीम में चरपोखरी थानाध्यक्ष निकुंज भूषण, दारोगा हरि प्रसाद शर्मा और राजाराम प्रसाद भी शामिल थे।

**तीन बदमाशों ने की थी लूट, एक था :** पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाशों में तीन लूटपाट में शामिल थे। जबकि एक ने लाइनर का काम किया था। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आयी है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी चरपोखरी की ओर भाग थे। वहां लूटे गये पैसे से खरीदारी भी की गयी थी। सूत्रों के अनुसार बैदेकोरी गांव निवासी अजय पासवान द्वारा लाइनर का काम किया गया था। जबकि पवन, रंजन और इंद्रजीत ने दोनों कर्मियों से लूटपाट की थी। अजय बाइक मैकेनिक भी बताया जा रहा है। उसकी चरपोखरी बाजार में दुकान में थी। बता दें कि पीरो बाजार में उत्कर्ष फाइनेंस और एक क्रेडिट नेटवर्क कंपनी में काम करने वाले रोहतास निवासी लोरिक कुमार एवं बक्सर के राकेश कुमार यादव गत 30 दिसंबर की शाम करीब तीन बजे कलेक्शन कर लौट रहे थे। तभी चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी हाई स्कूल के पास बाइक सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखा कर लोरिक कुमार से 20,465 रुपए छीन लिया था। उसके साथ हाथापाई भी की गयी थी। उसके कुछ देर बाद ही राकेश कुमार यादव को भी हथियार के बल पर रोक दिया गया। उससे एक टैब, वन प्लस का एक मोबाइल, बैग और करीब 29 हजार रुपए छीन लिया गया था। उस मामले में लोरिक कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

**लूट के पैसों से अपराधियों ने मनायी न्यू इयर पार्टी:** अपराधियों ने लूट के पैसे से न्यू ईयर पार्टी मनायी। स्वेटर और जैकेट की भी खरीदारी की। ऐसे में लूट के ज्यादातर पैसे खर्च हो चुके थे। सिर्फ दो हजार रुपए ही बचे थे, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस की पूछताछ में भी यह बात सामने आयी है। सूत्रों के मुताबिक लूट के बाद बदमाश चरपोखरी बाजार पहुचे थे। वहां पर सभी ने अपने लिए स्लेटर, जैकेट और शराब की खरीदारी की। उसके बाद न्यू ईयर पार्टी भी मनायी।? बता दें कि लूट के दो दिन बाद ही ही नये साल की शुरूआत हो रही थी। ऐसे में लुटेरों ने उसी पैसे से न्यू ईयर इंज्वॉय किया।

### लूट की अन्य घटनाओं में लुटेरों की संलिप्तता

चरपोखरी मामले में गिरफ्तार अपराधियों के जरिए पुलिस लूट की अन्य घटनाओं का खुलासा करने के प्रयास में जुटी है। पुलिस को चारों की गिरफ्तारी से चौरी सहित लूट की अन्य घटनाओं में कुछ क्लू भी हाथ लगा है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार चार अपराधियों में कुछ की दूसरी वारदात में भी संलिप्तता आ रही है। सूत्रों के अनुसार दो अपराधियों की एक जनवरी को चौरी थाना क्षेत्र में जूता व्यवसायी से लूट में शामिल होने के साक्ष्य मिले हैं। उस आधार पर छानबीन की जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन अपराधियों के अन्य घटनाओं में भी शामिल होने की बात सामने आ रही है। उसकी जांच की जा रही है। संलिप्तता साबित होने पर उन मामलों में भी इन लुटेरों को रिमांड किया जायेगा।

## एक नजर

### कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला



**जहानाबाद।** जिले के कल्पा ओपी क्षेत्र के दर्शन बीघा गांव में वांछित अपराधी सुनील टाइगर को पकड़ने गई कल्पा ओपी की पुलिस टीम पर अपराधी सुनील टाइगर ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें पुलिस के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में दोनों घायल जवानों को जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायल जवानों का इलाज जारी है। पुलिस की टीम ने वांछित अपराधी सुनील टाइगर को काफी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक पांडेय सदर अस्पताल पहुंचे जहां घायल पुलिस जवानों का इलाज कराया गया। उन्होंने बताया कि काफी बहादुरी के साथ पुलिस के बाकी जवानों ने अपराधी सुनील टाइगर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ पुराने विवाद को लेकर वह अपने बेटे की हत्या करने की साजिश रच रहा था। इसी सूचना के आधार पर पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई थी लेकिन अचानक उसने पुलिस की टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें दो जवान घायल हो गये हैं। इसके बावजूद पुलिस की टीम पीछे नहीं हटी और काफी मशक्कत के बाद संजय टाइगर को गिरफ्तार कर थाने ले आई। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जिलाधिकारी ने मखदुमपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**जहानाबाद।** डीएम रिची पांडे ने बुधवार की देर शाम को मखदुमपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ से प्रखंड में सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के योजनाओं की जानकारी लिया, साथ ही सभी योजनाओं का एक एक कर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने प्रखंड में संचालित लोहिया स्वच्छ बिहार, सातनिश्चय योजना, नल जल योजना, परिवारिक लाभ, सभी पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री जनता दरबार से आए प्रतिवेदन की जानकारी लिया साथ ही सभी योजनाओं की समीक्षा किया। वहीं जिलाधिकारी ने अंचल कार्यालय में भी अंचलाधिकारी से कई तरह के योजनाओं का जानकारी लिया एवं फाइलों की जांच किया। निरीक्षण के दौरान मिले जानकारी से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास योजनाओं में लापरवाही ना बरतें। प्रखंड कार्यालय आए लोगों को बातों को गौर से समस्याओं को सुने एवं उन्हें जरूरी जानकारी अवश्य दें। मौके पर बीडीओ प्रभाकर सिंह, प्रभारी सीओ राकेश रोशन समेत प्रखंड स्तरीय कई अधिकारी मौजूद थे।

### कुर्की जब्ती की कवायद... छात्र की हत्या में छह आरोपितों के खिलाफ वारंट

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के एमपी बाग मोहल्ले निवासी छात्र नितेश कुमार उर्फ रितेश की हत्या में आरोपितों पर शिकंजा कसने लगा है। इस मामले में छह आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी हो गया है। इन आरोपितों में धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव उर्फ भीम लाल, समीर श्रीवास्तव उर्फ कल्लू, शैलेंद्र सिन्हा, अभय श्रीवास्तव उर्फ लव, पार्वती देवी और सुमित कुमार शामिल हैं। अब पुलिस कुर्की की तैयारी में जुट गयी है। ऐसे में गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस वारंट का तामिल करा कुर्की के लिए कोर्ट जाएगी। इधर, पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। उनके हर ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है। हालांकि अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उसे देखते हुए पुलिस कुर्की की कवायद में जुटी है। बता दें कि चुनावी रंजिश को लेकर एमपी बाग वार्ड नंबर दस में निवर्तमान और नवनिर्वाचित पार्षद के समर्थकों के बीच रविवार की रात जमकर मारपीट हुई थी। उसमें दोनों पक्षों के दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। घायलों में दोनों पक्षों के दो लोगों को पटना रेफर किया गया था। मंगलवार की सुबह नवनिर्वाचित पार्षद के समर्थक और स्नातक के छात्र नितेश कुमार उर्फ रितेश की मौत हो गयी थी। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें पुलिस को छह के खिलाफ वारंट मिला है। इधर, दूसरी ओर से भी नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### कोर्ट कैंपस से आशीष को भगाने में भाई सहित 3 गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

आरा। आरा कोर्ट कैंपस से कुख्यात आशीष पासवान की फरारी मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। एक ओर जहां उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर उसे भगाने में सहयोग करने वालों पर भी दबिश बढ़ा दी गयी है।

इस मामले में पुलिस ने उसके भाई सहित तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें गौसगंज निवासी उसका भाई अंकित कुमार, नगर थाना क्षेत्र के ही तली मोहल्ला निवासी लल्लू कुमार और बड़की सिंगही का रहने वाला मंजित कुमार शामिल हैं। इधर, इस मामले में एएसआई वीरेंद्र प्रसाद की तहरीर पर आशीष पासवान के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गिरफ्तार तीनों कांड के अप्राथमिकी आरोपित बनाये गये हैं। बता दें कि आरा गौसगंज निवासी कुख्यात आशीष पासवान को मंगलवार की दोपहर पेशी के लिए भागलपुर जेल से आरा कोर्ट लाया गया था। पेशी के दौरान बीमारी का बहाना बना कर वह हथकड़ी सरका कर भाग गया था। उसके बाद एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर टीम गठित कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। उस क्रम में मंगलवार को उसके गौसगंज स्थित घर सहित अन्य सभी ठिकानों पर भी छापेमारी की गयी।

# अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे बालक को रौंदा, मौत

केटी न्यूज/आरा

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के समीप बुधवार की शाम वाहन की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। सड़क पार कर रहे बच्चे को किसी वाहन ने रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से बच्चे ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत बच्चा बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव निवासी दिनेश चौधरी का पांच वर्षीय पुत्र मनीष कुमार था।

फिलहाल वह अपने नाना के घर आया था। उसके मामा गुड्डू कुमार ने बताया कि मनीष के पिता बाहर में प्राइवेट काम करते हैं। उसके कारण मनीष अपनी मां और भाई-बहनों के साथ छह माह से विशनपुर में ही है। बुधवार की शाम वह घर से निकल सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क किनारे पड़ा था। कुछ देर बाद एक ग्रामीण की ओर से सूचना दी गयी। तब वेलोग घटनास्थल पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि मनीष अपने दो भाई और दो बहन में अपने तीसरे स्थान पर था। घटना के बाद उसबालक के घर में रोना धोना मच गया है। मां पूनम देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।


## राज्य के सभी राजकीय अभियंत्रण कॉलेज, पॉलिटेक्नीक और राजकीय महिला पॉलिटेक्नीक कॉलेज में चलाया जाएगा अभियान

# छात्र-छात्राओं को जागरूक कर एड्स व रक्तदान के बारे में दी जाएगी जानकारी

- छात्रों-छात्राओं को दी जाएगी स्टडी मेटेरियल व हैंड बुक

केटी न्यूज/पटना

बिहार राज्य एडस नियंत्रण समिति द्वारा अब राज्य के सभी अभियंत्रण महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्नीक और राजकीय महिला पॉलिटेक्नीक संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एचआईवी एवं संबंधित अन्य स्वास्थ्य विषय की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान जनवरी एवं फरवरी माह 2023 में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राज्य के सभी जिले में जिला स्तर पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी तिथि अभी निर्धारित नहीं की गयी है।



**पत्र जारी कर दिए गए निर्देश:** इस संबंध में बिहार राज्य एडस नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक अंशुल अग्रवाल ने पत्र जारी कर राज्य के सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्नीक एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्नीक संस्थान को सूचित किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाले एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह क्विज प्रतियोगिता के लिए संबंधित सभी शिक्षण संस्थानों से कार्यक्रम आयोजन हेतु तिथि एवं चयनित कार्यक्रम स्थल की सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

**राज्य में कुल 46 राजकीय पॉलिटेक्नीक संस्थान संचालित:** विदित हो कि राज्य के प्रत्येक जिले में स्थापित अभियंत्रण महाविद्यालय एवं न्यूनतम एक राजकीय पॉलिटेक्नीक संस्थान अर्थात कुल 46 राजकीय पॉलिटेक्नीक संस्थान संचालित हैं। इन सभी संस्थानों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिनकी उम्र सामान्यतः 13 से 19 वर्ष के बीच है। वर्तमान परिवेश में छात्र-छात्राओं में एडस, रक्तदान एवं इससे संबंधित अन्य जानकारियां होनी अत्यंत जरूरी है। ताकि किसी संभावित क्षति से उनका बचाव हो सके। साथ ही उन्हें इस बारे में उचित जानकारी दी जा सके।

इस बाबत विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के निदेशक वैभव चौधरी ने पत्र जारी कर संस्थनों से अनुरोध किया है कि सभी संस्थानों में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क जागरूकता कार्यक्रम, स्टडी मेटेरियल, पोस्टर, पंपलेट और हैंडबुक इत्यादि वितरण कर तथा कार्यक्रम व कार्यशाला संस्थान में ही जिलान्तर्त सोसायटी की टीम द्वारा आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

## खबरें फटाफट

### 13 को होगा नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण

**बक्सर।** नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षद उप मुख्य पार्षद तथा मुख्य पार्षद का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 के अंतर्गत नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षदों व पार्षदों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त के द्वारा मिले निर्देश के मुताबिक जिला पदाधिकारी के द्वारा शपथ ग्रहण कराने के लिए जिला के अपर समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। नगर पंचायत के मामले में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर उप समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी शपथ ग्रहण कराएंगे।

### युवक छह दिन से लापता, परिजन चिंतित

**केसठ।** केसठ निवासी युवक अंकित कुमार चौधरी पिता श्याम बिहारी चौधरी विगत 30 दिसंबर को अपने घर से लापता हो गया है। युवक के अभिभावक पप्पू कुमार चौधरी ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसका इलाज चल रहा था। वहीं युवक के लापता होने से परिजन काफी परेशान है। उसका सुराग नहीं मिलने से परिजनों की आशंका गहराते जा रही है। केशव टाईम्स भी लोगों से अपील करता है कि यदि ऐसा कोई युवक मिले तो इसकी जानकारी प्रशासन व उसके परिजनों तक दे उन्हें राहत पहुंचाए। हालांकि इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है।

### ठंड में अलाव जलाने की उठाई आवाज

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने इस कड़ाके कि ठंढ़ में शहर एवं ग्रामीण इलाकों को चिन्हित कर जिला प्रशासन से अलाव जलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस भीषण ठंढ में आम जनजीवन बदहाल हो गया है। पूरे जिले में अलाव कि कमी है, जगह-जगह चौक-चौराहों व ग्रामीण इलाकों के बाजार एवं चट्टियों पर अलाव कि अविलंब व्यवस्था कि जाए। ताकि ठंढ से ठिठुर रहे लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने अबतक अलाव की व्यवस्था नहीं होने पर प्रशासन को भी आड़े हाथों लिया है।

### प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने का सुनहरा मौका

**बक्सर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत इस बार इण्टरमीडिएट प्रथम श्रेणी से उतीर्ण कुल 258 छात्राओं की सूची एवं आवंटन प्राप्त है। प्रति छात्रा 15000 रुपए की दर से मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन राशि दिया जाना है। अधिकांश छात्राओं को प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाता में स्थानांतरण किया जा चुका है। शेष छात्राएं राशि प्राप्त करने के लिए अंक प्रमाण पत्र, प्रवेश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता, निवास प्रमाण पत्र, छात्रा का मोबाइल नम्बर कागजात जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय बक्सर में अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से अभिप्रमाणित करा कर जमा करेंगी।

# वेदों में किया गया है मनुष्य की सभी जिज्ञासाओं का समाधान: जीयर स्वामी

- वेद और उपनिषदों के समिश्रण से हुई है महाभारत की रचना
- रूपसागर में पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में संचालित हो रहा है श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

केटी न्यूज/नावानगर

मनुष्य के जीवन तथा उसके उदेश्यों को समझाने के लिए ही वेदों की रचना हुई थी। वेदव व्यासजी महाराज ने वेदों की रचना के बाद विष्णु पुराण सहित कुल 18 उपनिषदों की रचना की थी। जिसे पढ़ और समझकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उक्त बातें परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने बुधवार को रूपसागर में आयोजित हो रहे श्री लक्ष्मीणनारायण महायज्ञ में प्रवचन के दौरान कही है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि स्वयं को जानना ही वेद है। मैं कौन हूं, कहा से आया हूं, किसने लाया है तथा क्यों आया हूं ऐसी जिज्ञासा सभी के अंदर होनी चाहिए। इन्हीं जिज्ञासाओं का समाधान ही वेद में किया गया है। उन्होंने कहा कि यही वेद है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि आज वेदों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी आधार पर लोग नास्तिक हो रहे है तथा मूर्ति पूजा का विरोध कर रहे है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि वेदों में कही भी मूर्ति पूजा का विरोध नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में कोई नास्तिक नहीं हो सकता है। संसार में जितनी भी चीजें हैं उनका कोई न कोई स्वरूप जरूर है।



यज्ञ के दौरान प्रवचन देते जीयर स्वामी जी महाराज

### नामकरण संस्कार पर डाला प्रकाश

स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति में नामकरण संस्कार का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पुत्र-पुत्रियों का नाम भी सोंच कर रखना चाहिए। स्वामीजी महाराज ने कहा कि आज के भौतिक युग में किसी के पास पूजा करने या भगवान के नाम जपने का समय नहीं बच पा रहा है। ऐसे में हमें अपने बेटों का नाम भगवान के नाम पर तथा बेटियों का नाम लक्ष्मी या देवी के नाम पर रखना चाहिए। इससे हम अनायास ही भगवान का नाम भी जपते रहेंगे। स्वामी जी महाराज ने कहा कि आज के समय लोग बच्चों का नाम ऐसा रख रहे है, जिनका कोई अर्थ नहीं है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि जीवन के आठ संस्कारों में नामकरण संस्कार भी काफी महत्वपूर्ण है।

**हम नाम व रूप दोनों को मानते है :** स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति में हम नाम, रूप तथा गुण सबको मानते है, सबकी पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का प्रमाण देकर धर्म के खिलाफ बोलने वाले लोग समाज को भ्रमित करने वाले है। उनकी बातों में नहीं आना चाहिए। स्वामीजी महाराज ने कहा कि इस धरती में दसावतार का प्रमाण है। सबका कुछ न कुछ रूप और नाम भी है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि हमे नाम, रूप, गुण, लीला आदि सबकी पूजा करनी चाहिए। इसके अलावे भी प्रवचन के दौरान स्वामी जी महाराज ने कई सारगर्भित बातें कही। उन्होंने जानवरों की बलि को भी धर्म के खिलाफ बताया और कहा कि सभी जीव ईश्वर के अंश होते है।

## जमीनी पड़ताल में खुली नप प्रशासन की पोल, ईओ के खिलाफ लोगों में नाराजगी

# नगर परिषद का अलाव घोटाला: धुंआ उठा नहीं, जल गई 5000 किग्रा लकड़ी

- लोगों ने लगाया आरोप, कहा- नप ने कागजों पर की अलाव की व्यवस्था, प्रशासन दिखाए 15 स्थान

केटी न्यूज/डुमरांव

पिछले एक सप्ताह से तापमान में आए गिरावट से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। हाड़ कंपाने वाली ठंड से पूरा जिला ठिठक गया है और लोग भगवान सूर्य से गुहार लगा रहे है। न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबकि लोगों को ठंड से बचाने के लिए इन दिनों नगर परिषद कागजों पर अलाव जला रहा है। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में आलम यह है कि कहीं भी धुंआ उठा नहीं और नप प्रशासन शहर के 15 जगहों पर 5000 किलोग्राम लकड़ी जलाए जाने का दावा कर रहा है।

केशव टाइम्स की टीम ने मंगलवार की शाम जब इसकी पड़ताल की तो सच्चाई सामने आयी। नप द्वारा बताए गए जगहों विष्णु मंदिर, लीजेंड स्कूल के सामने, राज हाई स्कूल, रेलवे स्टेशन के समीप, प्रखंड कार्यालय के पास, रैन बसेरा के पास, पुराना नगरपालिका के पास, भगवती मंदिर के पास, राजगढ़ चौक सहित 15 जगहों का जायजा लिया लेकिन कहीं भी नप की लकड़ी जलती हुई नहीं मिली। एक-दो जगहों पर लोग अपनी निजी लकड़ी जलाकर ठंड से राहत पा रहे थे। नगर परिषद के दावे को लेकर जब लोगों से बातचीत की गयी तो लोगों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा एक-दो दिन लकड़ी की व्यवस्था की गयी थी फिर बंद कर दिया गया है। जब इस मामले में टीम ने नगर परिषद से संपर्क साधा और पूछा कि लकड़ी की खरीदारी कहां से हुई और कब-कब जलाव किया गया तो इसकी जानकारी किसी ने नहीं दी। हालांकि नगर परिषद के बड़ा बाबू दुर्गेश सिंह ने कहा कि दस दिनों से प्रतिदिन 5 क्विंटल लकड़ी जलाया जा रहा है।

**फुटपाथ दुकानदार संघ ने कार्यपालक पदाधिकारी से की कार्रवाई की मांग :** फुटपाथ दुकानदार संघ के मिंटू हाशमी ने शहर में जगह-जगह अलाव जलाने एवं गरीबों के बीच शीघ्र कंबल वितरण कराने तथा गरीबों के मामले में उदासीन रवैया रखने वाले कार्यपालक पदाधिकारी पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। राजद नेता अखिलेश सिंह यादव, मेहंदी हसन नगर अध्यक्ष मुन्ना खान ने भी ठंड के मौसम में गरीब हितों पर ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी कड़े शब्दों में निंदा की है। शहर की बड़ी आबादी ने जिला पदाधिकारी का ध्यान नगर परिषद के भ्रष्टाचार की ओर दिलाते हुए तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



देरशाम ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग

### नप प्रशासन की जेब गर्म करने का जरिया बना सर्दियों का मौसम

**डुमरांव।** मौसम का ठंढ़ जिले में गरीबों का अग्नि परीक्षा ले रहा है तो नगर परिषद के लिए यह ठंड कमाई का जरिया बन गया है। ठंड से ठिठुरते गरीब काम धंधा छोड़ घरों में दुबके हैं। मौसम का सितम रोजी-रोटी पर भारी पड़ रहा है। उधर जिले का दोनों नगर परिषद गरीबों के जिस्म की गर्मी से अपना जेब भर रहा है। यह कहना है शहर के लोगों का।

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड तथा नगर परिषद का रवैया लोगों को मुंह खोलने पर मजबूर कर दिया है। शहर में कहीं भी अलाव का प्रबंध नहीं है। शहरी गरीबों के बीच कंबल का वितरण नहीं होना तथा बक्सर एवं डुमरांव नगर परिषद द्वारा खोला गया अस्थाई रैन बसेरा की कुव्यवस्था ने स्पष्ट कर दिया है कि मौसम की इस ठंढ़ में नगर परिषद अपनी जेब गर्म कर रहा है। दोनों जगह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि शहर में 15 जगहों पर अलाव जलाया जा रहा है। जबकि पूरे शहर में धरातल पर कहीं भी अलाव जल नहीं रहा है। मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह का कहना है कि ठंढ़ के नाम पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार अपना जेब गर्म कर रहे हैं। उन्होंने मामले की शिकायत जिला पदाधिकारी बक्सर से करते हुए तत्काल जांच की मांग की है। युवा समाजसेवी अखिलेश केसरी ने अलाव तथा रैन बसेरा की बदहाल व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल मामले की जांच एवं गरीब हित में उचित कार्रवाई की मांग की है।

# जनता दरबार में बीडीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

केटी न्यूज/डुमरांव

बुधवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय प्रखंड के चिलहरी स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में जनता दरबार लगाकर लोगों के शिकायतों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार तिवारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश प्रसाद सिंह, सांख्यिकी पदाधिकारी श्रीनिवास सिंह, कल्याण पदाधिकारी व प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जनता दरबार में कुल 25 आवेदन प्राप्त किए गए। सबसे अधिक आवेदन राशन कार्ड में नाम जोड़ने संबंधित था। लोगों के इस शिकायत पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार तिवारी को आगे आना पड़ा।

उन्होंने लोगों के इस शिकायत को तत्काल सुनवाई करते हुए राशन कार्ड में नाम जोड़ने की जरूरी प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि प्रपत्र 'ख' को भरकर प्रखंड कार्यालय में आरटीपीएस काउंटर पर जमा किया जाएगा। इसी माध्यम से राशन कार्ड में नाम जोड़ने कि सही प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से किसी के बहकावे में नहीं आने तथा उचित माध्यम का सहारा लेने का सलाह दिया। इसके अलावा कन्या विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित भी शिकायतें प्राप्त हुई।

# चाय पी रहे लोगों को आल्टो ने रौंदा

- डुमरांव के स्टेशन रोड में अपकारी गली मोड़ के पास की है घटना, दो लोग जख्मी

केटी न्यूज/डुमरांव

बुधवार को नगर के मुख्य पथ स्टेशन रोड में एक बड़ी अनहोनी होते होते बच गई। हुआ ये कि स्टेशन की ओर से कोरानसराय की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार आल्टो कार अपकारी गली मोड़ के पास अचानक सड़क छोड़ दुकान की तरफ मुड़ गई। जिससे वहा चाय पी रहे दो लोग जख्मी हो गए जबकि चाय दुकान भी टूट गई। लोग संभलते तथा कार चालक को पकड़ने का प्रयास करते तबतक वह फुर्ति से गाड़ी को बैक कर फिर तेजी से कोरानसराय की तरफ निकल गया।

यह घटना अपकारी गली मोड़ के पास स्थित गजेन्द्र चाय दुकान की है। जबकि जख्मियों की पहचान अपकारी गली के रामफल यादव और फूलचंद कानू पथ के रामजी शर्मा के रूप में हुई है। इस घटना के बाद लोग स्टेशन रोड में बेलगाम परिचालन के प्रति खासे नाराज है। वही लोगों का कहना है कि आल्टो चालक नया था। संभवतः अधिक स्पीड के कारण वह संतुलन खो दिया था। जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि जान माल का नुकसान नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।



आल्टो कार के धक्के से टूटी चाय की दुकान

## महर्षि विश्वामित्र योग एवं परामर्श संस्थान के डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह की अनूठी पहल, घर घर पहुंचा रहे हरिद्वार का गंगाजल

# गंगा जल भेंट कर नदी की पवित्रता बनाने की अपील कर रहे हैं योग शिक्षक

- लोगों को गंगा नदी को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित करना ही अभियान का उद्देश्य

केटी न्यूज/डुमरांव

हमारे शास्त्रों में गंगा जल को सबसे अधिक पवित्र माना गया है। गंगाजल भी यदि हरिद्वार जैसे तीर्थ स्थल का हो तो उसका महत्व बढ़ जाता है। यहा से हजारों किलोमीटर दूर हरिद्वार जाकर गंगाजल लाना सबके बस की बात भी नहीं है। लेकिन अब शहरवासियों को घर बैठे यह गंगाजल मुफ्त में मिल जा रहा है। महर्षि विश्वामित्र योग एवं परामर्श संस्थान के निदेशक सह इंटर कॉलेज डुमरांव में भूगोल विषय के व्याख्याता डॉ. संजय कुमार सिंह लोगों को घर बैठे ही हरिद्वार का गंगाजल मुहैया करा रहे है। वे हरिद्वार में दो दिवसीय योग महाधिवेशन में भाग लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने वहां से गंगाजल भी लिया है। गंगाजल वितरण करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को गंगा नदी को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित करना ताकि पूजा-पाठ या अन्य वस्तुओं को गंगा नदी में विसर्जित ना करें। इससे हमारी गंगा की धारा अविरल और शुद्ध बनी रहेगी।

उन्होंने बताया कि गंगा के जल में कभी कीड़ा नहीं पड़ता है, इसका कई भौगोलिक और धार्मिक कारण है। गंगाजल लेते हुए योग शिक्षक प्रशिक्षक एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के सदस्य डॉ. शैल बिहारी पाठक ने कहा कि हर- घर में रामायण, तुलसी का पौधा और गंगाजल रखना चाहिए। जिससे उस स्थान पर सुख और शांति बनी रहती है। इनका यह कार्य सराहनीय रहा है, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुधीर कुमार ने बताया कि इस गंगाजल का एक-एक बूंद महत्वपूर्ण होता है इसके सेवन से कई रोग समाप्त हो जाते हैं। अब तक वे अग्निवेश कुमार गर्ग, अतुलित पाठक, रीता देवी, मोहित कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार, सोनी कुमारी, दीपक कुमार, नंदिता सिंह के अलावा दर्जनों परिवारों को हरिद्वार का पवित्र गंगाजल दे चुके है।



शहरवासियों को हरिद्वार का गंगाजल देते डॉ. संजय कुमार सिंह

### योग को दे रहे बढ़ावा

डॉ. संजय कुमार सिंह लोगों को हरिद्वार के गंगाजल कराने के साथ ही जिले में योग को बढ़ावा देने में महती भूमिका निभा रहे हैं। वे महर्षि विश्वामित्र योग प्रशिक्षण संस्थान का संचालन करने के साथ ही समय समय पर योग शिविर का आयोजन कर लोगों को योगाभ्यास भी कराते हैं। उनका कहना है कि योग के माध्यम से निरोग रहा जा सकता है।

## एक नजर

### खेती की नई तकनीकि सीखने केसठ से किसानों का जत्था आरा के लिए हुआ रवाना




**केसठ।** प्रखंड के किसानों को रबी फसलों की बुआई व उसके बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को किसानों के एक जत्थे को आरा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र भेजा गया है। जत्थे में कुल 30 किसान शामिल है। प्रशिक्षण के लिए किसानों का चयन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' बक्सर के द्वारा किया गया है। इस एक दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम में 'कृषि विविधीकरण' विषय पर जानकारी लेने हेतु केसठ प्रखंड से 30 किसान बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र आरा (भोजपुर) के लिए रवाना हुए। जहां किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों की बुवाई से लेकर कटनी तक की तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि किस फसल में कब-कब कौन सा उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए और उसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए, साथ ही वहां के प्रगतिशील किसानों के खेतों पर ले जाकर किसानों को नई तकनीक के बारे में बताया गया ताकि किसान उसका प्रयोग अपने खेतों में कर सकें। इस मौके पर किसान सलाहकार विजय कुमार, अमरेंद्र कुमार प्रसाद, बीटीएम प्रभारी डॉ. प्रफुल्ल कुमार सहित किसान कन्हैया तिवारी, सिद्धेश्वर प्रसाद, मुन्ना तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

### 25 जनवरी को बसंत पंचमी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना की हो रही तैयारी



**बक्सर।** सर्व विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पूजन उत्सव को लेकर शिल्पकारों द्वारा माता की मूर्ति का निर्माण अंतिम चरण में है। माता सरस्वती जिनकी प्रेरणा से समस्त ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई वह सर्वविदित सत्य है। अमूमन फरवरी माह में बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाता है। किंतु इस बार जनवरी माह में ही 25 तारीख को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर कारीगर माता की प्रतिमा के निर्माण में जी जान से जुटे हुए हैं। सिद्धाश्रम की धरती बक्सर जहां राम को सिद्धि मिली वहां से निर्मित वाग्देवी की प्रतिमा की मांग पूरे पूर्वांचल में है। माता की माटी की प्रतिमा तो आम बात थी, अब बदलते हुए परिवेश में माता की प्रतिमा की मांग प्लास्टर ऑफ पेरिस से भी होने लगी है। जिसको लेकर कलाकार जी जान से जुटे हुए हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर चीनी मिल रोड स्थित मूर्ती शिल्पकार राजस्थान के अंबे लाल ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां पांच हजार से लेकर 15 हजार तक की हैं। हम लोग मूर्ति का निर्माण अग्रिम भुगतान लेकर करते हैं। इस समय जो आर्डर आया है, उसके हिसाब से मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है।

### सगुण आत्म तत्व का निर्विकार परम्तत्व में विलीन होना ही निर्गुण है : मदन राय



**बक्सर।** जीव और ब्रह्म की साक्षात अनुभूति का जगत क्रीड़ा स्थल है। सगुण आत्म तत्व का निर्विकार परम् तत्व में विलीन होना ही निर्गुण है, जो कि शाश्वत सत्य है। जिसकी व्याख्या वेदों और पुराणों में भी वर्णित है। जिसको व्यवहारवाद में निर्गुण काव्य धारा में उतारने का श्रेय संत कबीर दास को जाता है। ये कहना है निर्गुण सम्राट लोक गायक मदन राय का। एक निजी कार्यक्रम से लौट रहे श्री राय से केशव टाइम्स के संवाददाता डॉ प्रेम कुमार से अचानक मुलाकात हुई। औपचारिक शिष्टाचार के बाद सोंधी माटी की जुबान भोजपुरी भाषा और इसकी गरिमा के विषय पर वार्ता क्रम में निर्गुण सम्राट श्री राय ने बताया कि भोजपुरी भाषा अपने आप में बहुत ही सुंदर भाषा है। भोजपुरी क्षेत्रीयता से उबर कर विदेश की धरती पर भी बोली जाती है। पर विडंबना यह है कि 35 करोड़ भोजपुरी भाषियों की इस भाषा को देश के संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान प्राप्त नहीं हुआ। जबकि भोजपुरी फिल्म जगत से जुड़े नामचीन हस्तियों की उपस्थिति भी सांसद भवन में है। भोजपुरी गायन विधा में बढ़ रही अश्लीलता और द्विअर्थी भाषा के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ गायक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए अश्लील शब्दों से भरे गीतों को गा कर अपनी भाषा की गरिमा को गिरा रहे हैं। ऐसी गायकी लंबे समय तक नहीं टिकती है। ऐसे गीतकारों और गायकों को अपनी भाषाई मयार्दा को समझना चाहिए। आगे काफी निवेदन पर अपनी लोक प्रिय गीत फेंक दिहले थरिया बलम गइले झरिया पहुंचले की ना... सुनाये तो दूसरी ओर भोलानाथ गहमरी की रचना- कौने खोतावां में लुकइलु अहि रे बालम चिरई... को सुना कर बड़े ही गर्मजोशी से विदा लिए।

सुविचार


भागवत गीता

संयम यानि धैर्य, सदाचार, स्नेह और सेवा जैसे गुण सत्संग के बिना नहीं आते हैं।

बड़ी खबर सील हुए फर्जी प्राइवेट नर्सिंग होम्स खोलने...

केशव टाइम्स
बक्सर, 05 जनवरी 2023



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



# पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने का एक मात्र उपाय यज्ञ ही है: आचार्य सर्वेश

■ गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन शांतिकुंज की टोली को अंगवस्त्र से सम्मानित कर विदाई दी गई

केटी न्यूज/बलिया

महावीर घाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में 108 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन शान्तिकुंज हरिद्वार से आये विद्वान आचार्यों ने गायत्री महायज्ञ के दौरान कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने का एक मात्र उपाय यज्ञ ही है। जिसे सबको नियमित करना चाहिए। पूर्णाहुति के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। यज्ञ के बाद शांतिकुंज की टोली को अंगवस्त्र से सम्मानित कर विदाई दी गई। साथ ही सभी कार्यकताओं को आशीर्वाद व प्रसाद देकर विदा किया गया।

शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा ने श्रोताओं को समझाते हुए कहा कि एक ढाबा पर लिखा था कि भोजन आप करो, बिल आपकी आने वाली पीढ़ी चुकायेगी यह देख कर एक व्यक्ति ने भोजन किया उसके बाद वेटर ने हजारों रुपए का बिल थमा दिया। उसने कहा कि आप तो अपने रेस्टोरेंट पर लिखा है कि भोजन आप करो और पैसा आपकी अगली पीढ़ी चुकायेगी इस पर रेस्टोरेंट के मैनेजर ने कहा कि यह आपका नहीं है आपके पिछली पीढ़ी का है। यह संसार एक होटल है, इसी तरह से लोग पर्यावरण को प्रदुषित करते रहे तो वह दिन आयेगा की श्वास लेने के लिए आक्सीजन का सिलेन्डर लेकर घूम ना पड़ेगा। हमारा समाज जिस तरह से पानी को नुकसान कर रहा। अगर हम अभी से नहीं चेते तो हजारों-लाखों रुपए का पानी खरीदना पड़ेगा। जल बचाने और पर्यावरण को शुद्ध रखें। पदार्थ का तीन रुप होता है ठोस, द्रव व गैस। जैसे छोटी बीमारी होने पर डाक्टर पहले टैबलेट देता है आराम नहीं मिलता तो सूई लगाता है।अंत में आक्सीजन देना पड़ता है। हवन सामग्री ठोस होता है उसे हवन करके हम गैस बनाते है जिससे इसका गुण तुंरत हजारों गुना बढ़ जाता है। यज्ञ सारे बीमारियों का नास करता। यज्ञ हमारे पिता है और गायत्री हमारी माता है,इसे कभी न छोड़ें। शक्तिपीठ प्रमुख विजेन्द्र नाथ चौबे ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया और कार्यकताओं को महती भूमिका व योगदान देने के लिए खूब सराहा।


यज्ञ में हिस्सा लेते श्रद्धालु

**बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया :** गायत्री परिजनों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थिति लोगों का मन मोह लिया।इस दौरान बच्चों ने शिव तांडव, देवी तांडव, प्रज्ञा गीत,कथक, भरतनाट्यम, नारी जागरूकता प्रज्ञा नाटक आदि प्रस्तुत किया। शक्तिपीठ पर वेलनेस कोच प्रत्युष त्रिपाठी व आदित्य सिंह के द्वारा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## छोटी खबरें

### लोकनृत्य व चित्रकला का हुआ आयोजन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन लोक नृत्य एवं चित्रकला का आयोजन कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भवन में आयोजित हुआ। शैक्षणिक निदेशक डाक्टर पुष्पा मिश्रा ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अतिरिक्त सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतियोगिताओ में आत्मविश्वास के साथ अवश्य भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लोकनृत्य का आयोजन किया गया जिसमें अंजलि सिंह, राधा गुप्ता आदि ने मनमोहक प्रस्तुति की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय ह्यहरित ऊर्जाह्न रहा। जिसमें सत्यम कुमार, कुमारी अर्चना, तथा स्नेहा गुप्ता आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### अलाव जलाने के लिए विरोध प्रदर्शन

**मऊ।** पुराघाट इलाके में हिकमा चट्टी पर अलाव जलाए जाने की मांग करते हुए नगर पंचायत प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पंचायत से अलाव जाने के लिए मांग की जाती है। लेकिन अलाव नहीं जलाया जाता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि भीषण ठंड पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव खोज रहे हैं लेकिन पंचायत प्रशासन अभी तक चट्टी पर अलाव नहीं जलाया। कहां कि चट्टी पर दिनभर सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन जान लेने पर आतुर ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए पंचायत प्रशासन अलाव जलाए जाने के नाम पर भेदभाव कर रहा है।

### नगर पंचायत में कंबल का वितरण

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को नगर पंचायत में कंबल का वितरण किया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा वर्तमान समय में वह स्वर कंबल मांगा गया था जिसमें लगभग 600 कंबल का वितरण किया जा चुका है। नगर पंचायत के 18 वार्ड में कंबल का वितरण हो रहा है। नगर पंचायत द्वारा बताया गया कि कंबल वितरण में विधवा एवं वृद्धा को वरीयता दी जा रही है। नगर पंचायत द्वारा ठंड को देखते हुए जगह-जगह अलाव की भी व्यवस्था की गई है। कंबल वितरण का कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी श्री रामसमुझ द्वारा किया गया साथ में बडे बाबू महेंद्र चौहान व गुंजन कुमार एवं सुमंत यादव, नाजिर शाहिद आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे निजी अस्पतालों में आए दिन जा रही जानें, लोगों में नाराजगी

# दुस्साहस: सील हुए फर्जी प्राइवेट नर्सिंग होम्स को खोलने लगे हैं मेडिकल माफिया

■ सबकुछ जानते हुए खामोश हैं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी

■ दलालों व कर्मियों की मिली भगत से संचालित हो रहे हैं अस्पताल

केटी न्यूज/गाजीपुर

निजी अस्पतालों में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। एक महीना पूर्व हुई जांच में फर्जी मिले कई अस्पतालों को सीज किया गया था। लेकिन इन्हें बिना अनुमति के खोलकर मरीजों का इलाज फिर से शुरू कर दिया गया है। ऐसे में हो रही आए दिन मौत से लोग आक्रोशित हैं।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की सख्ती के बाद जनपद में भी नवंबर और दिसंबर माह के बीच नर्सिंगहोमों की जांच व कार्रवाई की गई। ऐसे में फर्जी मिले दो दर्जन से अधिक प्राइवेट व झोलाछाप अस्पतालों कार्रवाई हुई थी। लेकिन अब ताला एक-एक कर खुल गया है और मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

कई अस्पताल तो ऐसे है कि सख्ती के समय भी उन पर मुख्य चिकित्साधिकारी की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई और इसी का लाभ उठाकर स्वास्थ्य माफिया अपना कारोबार कर रहे हैं। बताया जाता है कि सैदपुर, शादियाबाद, बहरियाबाद, जखनियॉ, हंसराजपुर, दुल्लहपुर, करंडा और औड़िहार इलाके के साथ शहर में भी कुछ अवैध अस्पतालों को सील किया गया था। इसका कारण था दो महीने में इन निजी अस्पतालों में आधा दर्जन से अधिक प्रसूता व मासूमों की जान चला जाना।

लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के दबाव में सीज किए गये तमाम अस्पतालों को दलालों व स्वास्थ्यकर्मियों की मिली भगत से पुनः संचालित किया जा रहा है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिम्मेदार लोगों को चेतावनी दी है कि समय रहते झोलाछाप की मनमानी पर अंकुश नहीं लगा, तो मजबूर होकर सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की होगी।


निजी अस्पताल को सील करते कर्मचारी (फाइल फोटो)

### एक ही भवन में चलाया जा रहा अस्पताल व पैथोलाजी

हालांकि स्वास्थ्य विभाग अस्पताल को सील करने का कोरम किया और फिर समय के साथ ही यह संस्थान अपनी मनमानी करने लगे हैं। सैदपुर थाने के ठीक बगल में मेडिकल स्टोर के साथ-साथ निजी अस्पताल व पैथोलाजी एक ही भवन में चलाया जा रहा है। जिसका न तो कोई रजिस्टेशन है, न ही इस बात का संज्ञान स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन ले रहा है। बताया कि शहर के मिश्र बाजार नंदगंज इलाके के बरहपुर, जखनियॉ इलाके के स्टेशन रोड, सादात कस्बे में बाजार रोड व शादियाबाद मुख्य मार्ग के साथ-साथ सैदपुर, वाराणसी मुख्य मार्ग पर भी खुलेआम झोलाछाप अस्पतालों का संचालन बेखौफ शुरू हो चुका है। एक दिन पूर्व शादियाबाद इलाके में चल रहे अवैध अस्पताल में प्रसूता की जान जाने के बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया और पुलिस ने भी अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की ओर से तय की गयी फर्जी अस्पतालों की जांच की टीम को मामले की जानकारी नहीं हो पाई है।

## नगर पालिका के आरआई के खिलाफ शासन ने बैठाई जांच

केटी न्यूज/बलिया

नगर पालिका की ओर से वर्ष 2021 में ददरी मेले के मीना बाजार में दुकानों से हुई आय को राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह की ओर से जमा नहीं करने का मामला फिर चर्चा में है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर निकाय निदेशालय की उपनिदेशक रश्मि सिंह ने 17 दिसंबर को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल को पत्र भेजकर अनियमितता की जांच कराने और आख्या शासन को देने का निर्देश दिया है।

डीएम ने 27 दिसंबर को पत्र जारी कर प्रभारी अधिकारी निकाय सह सीआरओ अनिल अग्निहोत्री को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। सीआरओ अनिल अग्निहोत्री ने नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कहा कि जवाब नहीं पर एकतरफा कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष अजय कुमार ने 19 जून 2022 को नगर निकाय अनुभाग, लखनऊ के निदेशक को पत्र लिख कर अवगत कराया था कि नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक अभिषेक सिंह को वर्ष 2021 में ददरी मेले के बीच की दुकानों का प्रभारी नियुक्त किया गया था। आरोप है कि अभिषेक सिंह ने अनियमितता की है। आरआई को तीन मार्च 2022 को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं मिला। नगर निकाय प्रभारी अधिकारी अनिल अग्निहोत्री ने बताया कि 2021 में आयोजित ददरी मेले की दुकानों से हुई आय में अनियमितता करने के मामले में जांच की जा रही है।

## मॉर्निंग रेड में 14 लोगों पर एफआईआर

केटी न्यूज/गाजीपुर

शहर के मुफ्तिपुरा काजीमंडी मोहल्ले में विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम ने मार्निंग रेड की। इस दौरान विद्युत चोरी के मामले में 14 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया तथा जुमार्ने वसूले गए।

बता दें कि विद्युत वितरण खंड द्वितीय अंतर्गत शहर के काजी मंडी मुहल्ला, मीर असरफअली व साहबान तकिया मुहल्ले में तड़के पांच बजे अधिशासी अभियंता संजय सिंह एवं सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त छापेमारी की गई।

जिसमें विजलेंस थाना प्रभारी धनंजय यादव, विजलेंस जेई पंकज चौहान समेत समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे। रेड के दौरान मुहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। अधिशासी अभियंता संजय सिंह ने बताया की शासन के निदेर्शानुसार विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त छापेमारी असरफ अली, साहबान तकिया, मुफ्तिपुरा, काजीमंडी मुहल्ले में भोर में की गई। बहुत दिनों से शिकायत मिल रही थी की इस मुहल्ले में धड़ल्ले से केबिल बाईपास करके विद्युत चोरी हो रही है। जिसके वजह से लाइन लॉस अधिक हो गई थी एवं राजस्व की भी कम वसूली हो रही थी। जिसमें हमलोग कुल 14 लोगों को चोरी से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़े जो सभी लोगों के खिलाफ विजलेंस थाने रौजा में एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। विभाग की तरफ से राजस्व क्षतिपूर्ति के रूप में सबको आरसी के माध्यम से वसूल की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बहुत सारे मुहल्ले में लोग रात को कटिया मारकर मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग कर रहे है। ऐसे लोगों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। उनकी सूची भी बना ली गई है। ऐसे लोगों के खिलाफ छापेमारी करके विभागीय विधिक कार्रवाई की जाएगी।


बिजली कनेक्शन की जांच करती विजलेंस की टीम


## एक नजर

### जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बैठक



**बलिया।** नागरिकों को जाम से निजात दिलाने के लिए चित्तू पांडेय चौराहा स्थित पुलिस बुथ पर प्रभारी यातायात राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को इ-रिक्शा चालकों संग बैठक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित रुटों के लिए पंजीकृत नम्बर पर ही ई-रिक्शा अब चल सकेगा। अन्यथा की स्थित में चालान सहित सीजन तक की उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होगी। श्री सिंह ने बताया कि नगर में ई-रिक्शा के लिए पांच रुपए निर्धारित किये गये है।जिसके लिए एक दो तीन और चार पांच नम्बर में विभाजित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरतरत छात्रों के अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपने बच्चों को ई-रिक्शा से विद्यालय में पढ़ने के लिए न भेजें। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में चार वैध स्टैंडों के आलावा अब कहीं भी कभी भी वाहन खड़ा कर सवारी उतारने वाले रिक्शा चालको को सीज तक की कार्यवाही किया जा येगा। यातायात नियमों का हर हाल में अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उल्लंघन किसी भी तरह क्षय नहीं होगा।

### 25 दुकानदारों पर 9.15 लाख का जुर्माना



**बलिया।** खाद्य पदार्थों में मिलावट की पुष्टि होने पर न्याय निर्णायक अधिकारी राजेश कुमार की कोर्ट ने 25 दुकानदारों पर 9 लाख 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्याय निर्णायक अधिकारी ने सभी दुकानदारों को जुमार्ने की धनराशि एक माह के अन्दर जमा करने का निर्देश दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने पिछले दिनों जिले के बेल्थरारोड, सिकन्दरपुर, रसड़ा, हल्दी, बलिया सदर, चितबड़ागांव, गड़वार, पकड़ी व सीयर से विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूने लिये थे। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में 25 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। रिपोर्ट आने के बाद विभाग सतर्क हो गया और 25 दुकानदारों के विरुद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी की कोर्ट में वाद दाखिल किया गया। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 25 दुकानदारों पर 9 लाख 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। जुमार्ने की धनराशि को एक माह के अन्दर जमा करना है। इसमे 19 दुकानदारों पर 25-25 हजार, एक दुकानदार 40 हजार, दो दुकानदारों पर 50-50 हजार और तीन दुकानदारों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। श्री मिश्र ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिन खाद्य कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठान का रजिस्ट्रेशन विभाग में नही करवाया वे रजिस्ट्रेशन करवा लें नही तो पकड़े जाने पर विभागीय कार्यवाही सुनिशित की जायेगी।

### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**बलिया।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने बुधवार को बलिया-सहतवार-रेवती में मध्य रेलवे ट्रैक के पास स्थिति विभिन्न गांवों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ के जवानों ने बच्चों द्वारा रेलगाड़ी पर पत्थर मारना, ट्रैक पर पत्थर आदि न रखने के साथ सिंगनल को क्षति पहुंचाना को लेकर सख्ती के साथ समझाया। न मामने वालों पर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करने की बात कही। बताते चलें कि आपीएफ के उपनिरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्र के आरपीएफ की टीम बलिया-सहतवार- रेवती में मध्य ग्राम माधोपुर,मनियारी जसाव ,गेट संख्या 5सी के पास स्थित गांव मनियारी तथा गेट संख्या 11 बी पर बच्चों पुरुष व महिलाओं को रेलगाड़ी पर पत्थर ना मारने, रेलवे ट्रैक पर पत्थर न रखने तथा रेलवे ट्रैक पर शौच कर गंदगी न फैलाने के संबंध में वार्ता किया। उन्होंने बताया कि पत्थर लगने से रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों को गंभीर चोट आ सकती है व उनकी जान भी जा सकता है । बताया कि रेलवे समपार फाटक बंद होने की हालत में रेलवे ट्रैक को पार ना करें।

### मनरेगा के कार्यों का बहिष्कार करेंगे ग्राम प्रधान

**मऊ।** जनपद के रानीपुर ब्लाक सभागार में बुधवार को ग्राम प्रधान संगठन के ब्लाक इकाई की बैठक ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम प्रधानों ने निर्णय लिया कि मनरेगा के सभी कार्यों प्रधान बहिष्कार करेंगे। मनरेगा में एनएमएमएस प्रणाली से हाजिरी पर रोक लगाई जाए, मनरेगा से कराए गए पक्के कार्यो का भुगतान शीध्र कराया जाए, पांच तारीख से प्रत्येक ग्राम पंचायत का मास्टररोल शून्य कर दिए जाने की मांग नहीं माने जाने पर संगठने आर पार के संघर्ष के लिए बाध्य होगा। बैठक के उपरांत ग्राम प्रधानो ने ब्लाक परिसर में अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी कर खण्ड विकास अधिकारी से सम्बंधित ज्ञापन एडीओ एजी हरिलाल व एपीओ मनीष गुप्ता को सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रभारी रविन्द्र राय, ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष अमित कन्नौजिया, जिला महासचिव दिनेश मिश्रा सहित ब्लॉक के समस्त ग्राम प्रधान काफी संख्या मौजूद रहे।

## जनपद में धूमधाम से मनाई गई पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय जी की 83वीं जयंती

# विकास पुरुष थे कल्पनाथ राय, पूर्वांचल में कराए अनेक कार्य: सुरेश बहादुर

● श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए कई दिग्गज नेता और जनपद वासी

केटी न्यूज/मऊ

जनपद के सृजन कर्ता एवं विकास पुरुष पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय जी की 83वीं जयंती जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले कल्पनाथ नगर बकवल में डॉ सुधा राय के आवास पर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कोपागंज में स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात पैतृकगांव सेमरी जमालपुर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। पतीला में मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद अंत में रामरति देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ललितपुर लुदूही में मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि प्रदेश उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं दर्जनों शिक्षण संस्थाओं के संरक्षक सुरेश बहादुर सिंह ने कहा कि विकास पुरुष कल्पनाथ राय जी मऊ सहित पूर्वांचल में अनेक निर्माण और विकास के कार्य कराएं। उनके निधन के पश्चात पूरा पूर्वांचल विरान हो गया। कहा कि कल्पनाथ राय जीने राजनीति में रचना सृजन और विकास की जो धारा बहाई, उसके चिंतन की ख्याति पूरे देश में फैल गई। उन्होंने जाति और धर्म की सियासत कभी नहीं की।


प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र ओझा ने किया और कहा कि पूर्वांचल के जर्रे जर्रे में कल्पनाथ राय जी द्वारा किए गए कार्यों की निशानी उनके होने का एहसास दिलाती है। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ नेता मन्नान खान ने कहा कि विकास पुरुष कर्मशील योद्धा थे, जो कार्य ठान लेते थे वह करके ही दम लेते थे। वरिष्ठ नेता स्वामीनाथ राय ने कहा कि वन अवध की धरती ने विकास पुरुष को जन्म देकर इस धरती को अलंकृत कर दिया। श्रद्धांजलि सभा को रविंद्र नाथ त्रिपाठी, स्वामीनाथ राय, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, रामनिवास राय, पीसीसी सदस्य माधवेंद्र बहादुर सिंह, रामप्यारे यादव, रामाशंकर राय, मन्नान खान, मनोज सिंह प्रवक्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय हिंद यादव अपना दल के वरिष्ठ नेता मुस्ताक अली मंसूरी, किसान कॉन्ग्रेस के नेता उदय भान राय, व्यापार मंडल के नेता तैयब खान, सुरेश पासी ने संबोधित किया। सभा में प्रमुख रूप से प्राचार्य डॉ. निर्मला सिंह, प्रधानाचार्य, डॉ. जितेंद्र राय, अजय कुमार पांडेय, राजेश कुमार सिंह, अजय राय, पीसीसी सदस्य मासूम अंसारी, सतीश पांडेय, प्रदीप सिंह, यशवंत राय, रतनपुरा ब्लाक के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष विनय कुमार गौतम, सेवादल के जिला संगठक अरुण सिंह सहित विभिन्न संगठनों के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।